अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ 1094 वें दिन भी धरना जारी

एनजीटी के निर्णयों की पालना नहीं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त

कोटपूतली, (निसं)। जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को लगातार 1094 वें दिन भी बदस्तूर जारी रहा। धरने पर सचिव कैलाश यादव व प्रभुदयाल गुरुजी ने कहा कि खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा एनजीटी के निर्णयों की पालना नहीं की जा रही हैं। इसको लेकर ग्रामीण सोमवार से जिला कलैक्टर कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) भोपाल द्वारा पारित निर्णय में जिला कलैक्टर को आदेशों की सुनिश्चित अनुपालना हेतु पाबंद किया गया है। उक्त आदेश की पालना में एसडीएम कोटपूतली ने संबंधित सभी विभागों तथा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के विरुद्ध निर्देश जारी करते हुये यह सुनिश्चित करने के लिये कहा था कि गांव, स्कूल, मंदिर तथा अन्य संवेदनशील संरचनाओं से 500 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की ब्लास्टिंग नहीं की जायें। इस निषेध क्षेत्र का सीमांकन करने हेतु खनिज विभाग एवं तहसीलदार की टीम द्वारा जोधपुरा संघर्ष समिति के सदस्यों की उपस्थिति में निशान लगाये गये। अल्ट्राटेक को प्रतिबंधित क्षेत्र में ब्लास्टिंग रोकने व चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिये गये, लेकिन उक्त निर्णयों एवं आदेशों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। रात्रिकालीन समय में ध्वनि प्रदूषण एवं गंभीर प्रदूषण से नींद लेना भी मुश्किल हो रहा है। दमा, श्वांस, एलर्जी कि बिमारियों से जीना मुश्किल हो गया है। सीमेंट प्लांट पर करीब 100 करोड़ रूपये की अवैध खनन (लाईमस्टोन पत्थर चोरी) की पैनल्टी निकाली गई, परन्तु बाद में केवल 37 करोड़ में मामला सैटल कर लिया गया। इसकी सम्पूर्ण जांच पत्रावली की सूचना उपलब्ध करवाई जावे।

इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, हरभगत बाबूजी, लीलाराम यादव, दिनेश यादव, विजय यादव, रामनिवास योगी, अजय योगी, लीलाराम योगी, हरिराम यादव, रामनिवास वर्मा, श्रीपाल यादव, राकेश योगी, सचिन यादव, मूलचंद योगी, प्रकाश सोरेला, हरिसिंह सोरेला, सीताराम आर्य, सूबेसिंह मीणा, भूपसिंह धानका समेत ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ दिया जा रहा धरना शनिवार को लगातार 1094 वें दिन भी जारी रहा।

- सोमवार से कलेक्ट्रेट कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे ग्रामीण

बीकानेर जिले में 'निकनेम' से बिक रही नशीली दवाइयां

बीकानेर, (निसं)। जिले में प्रीगैबलिन, टेपेन्टाडोल, जोपिकलोन, क्वेटिपाइन साल्ट की नशीली दवाइयां खुलेआम बिक रही हैं। वास्तव में तो ये दवाइयां दर्द निवारक और नींद आने के लिए काम में ली जाती हैं, लेकिन खासकर युवा वर्ग इसको टेबलेट या इंजेक्शन के रूप में अधिक मात्रा में लेकर नशा के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। दुकानदारों को इसका पता होने के बावजूद वे मुनाफा कमाने के लिए बेच रहे हैं। नशे के लिए खरीदार और दुकानदारों ने इन दवाओं के सिग्नेचर, जोडियार, हरा तोता, संती, हरे कैप्सूल और नीला फोर्ड जैसे 'निकनेम' भी रख लिए हैं। खरीदार दुकानों पर जाकर 'निकनेम' से मांगते हैं और उन्हें आसानी से डॉक्टर की पर्ची के बिना ही दवाइयां उपलब्ध हो जाती हैं।

लंबे समय से इन नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त हो रही है जिसकी शिकायत जिला प्रशासन तक भी पहुंची है। अब जिला मजिस्ट्रेट नम्रता वृष्णि ने प्रीगैबलिन, टेपेन्टाडोल, जोपिकलोन, क्वेटिपाइन साल्ट की नशीली दवाइयों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। सहायक औषधि नियंत्रक, संबंधित उपखंड अधिकारी और पुलिस विभाग की टीमें मेडिकल स्टोर का आकस्मिक निरीक्षण करेंगी। दुकानों पर दवाइयां मिलने या अनियमितता पाए जाने पर भारतीय न्याय संहिता, 23 की धारा 223 में कार्यवाही करेंगी। फिलहाल, इन नशीली दवाइयों पर जिला मजिस्ट्रेट की ओर से दो माह के लिए प्रतिबंध लगाया है। भारतीय न्याय संहिता, 23 की धारा 223, लोक सेवक द्वारा विधिवत घोषित आदेश की अवज्ञा से संबंधित है। कोई व्यक्ति किसी पब्लिक सर्वेंट द्वारा जारी किए गए कानूनी आदेश की जानबूझकर अवज्ञा करता है और इससे किसी को असुविधा, हानि, या जीवन/स्वास्थ्य/सुरक्षा को खतरा होता है तो उसे दंडित किया जा सकता है। यदि अवज्ञा से असुविधा या हानि होती है तो 6 महीने तक की कैद, या 2500 रुपये तक जुर्माना, या दोनों की सजा दी जा सकती है। यदि अवज्ञा से दंगा होता है तो 1 साल तक की कैद, या 5000 रुपये तक जुर्माना, या दोनों की सजा का प्रावधान है।

- युवा वर्ग टेबलेट या इंजेक्शन के रूप में लेकर नशा के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, दुकानदारों को इसका पता होने पर भी वे मुनाफा कमाने के लिए बेच रहे हैं
- जिला मजिस्ट्रेट ने प्रीगैबलिन, टेपेन्टाडोल, जोपिकलोन, क्वेटिपाइन साल्ट की नशीली दवाइयों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया

अवैध वसूली का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ उधार दी गई नकदी से अधिक अवैध वसूली करने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित लक्ष्मणसिंह पुत्र भूरसिंह राजपूत निवासी माडिंगपुरा खेरोदा ने आरोपी देवीलाल पुत्र शोभालाल मैनारिया निवासी खरसाण के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि गत दिनों मैने अपने परिचित आरोपी देवीलाल से दो लाख रूपये उधार लिए थे। जिसका चुकारा करने पहुंचा तो आरोपी ने ज्यादा रूपयों की मांग की तथा विवाद होने पर आरोपी अपहरण कर मुझे ले गया तथा वहां पर मेरी जमीन का विक्रय इकरार लिखा-पढ़ी कर 20 लाख रूपयों में बेचना 2023 में दर्शाया था, जबकि मैने आरोपी को जमीन नहीं बेची। आरोपी अवैध वसूली के लिए दबाव डाल रहा है। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

वहीं अम्बामाता थाना पुलिस ने लोकेश कुमार पुत्र वैसाजी निवासी कुम्हारिया खेड़ा पई थाना नाई की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ न्यू अहिंसापुरी सोनी जी के बंगले के पास चल रहे मकान के निर्माण कार्यस्थल से लोहे के प्लेटें टेंपों में डाल कर चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

श्रमिक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। शराब के नशे में आपसी विवाद होने पर चाकू से हमला कर साथी श्रमिक की हत्या करने वाले को पुलिस बैकरिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार एक दिसंबर को जिले के बैकरिया थाना क्षेत्र उपलावास गांव में शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर रास बावलवाड़ा निवासी जीवन पुत्र देवीसिंह चाकू से साथी श्रमिक देवरी एमपी निवासी वीरसिंह (23) पुत्र हीरासिंह, वीरन (32) पुत्र सुखनंदन एवं कपूर (21) पुत्र डालू पर हमला कर फरार हो गया। हमले में विरसिंह की मौत हो गई थी। दूसरे दिन घटना का पता चलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक डूंगरसिंह मय के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी उत्तम सिंह ने मामले में आरोपी रास बावलवाड़ा निवासी जीवनसिंह पुत्र देवीसिंह राजपूत को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि बैकरिया थाना क्षेत्र में हाईटेंशन लाईन बिछाने का काम चल रहा है, जहां पर वीरसिंह, वीरन एवं कपूर मजदूरी करते हैं तथा जीवन हिताची मशीन का आपरेटर का काम करता है। घटना वाली रात में साथ मे शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर वीरसिंह चाकू से हमला कर फरार हो गया था।

हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार : गोगुन्दा थाना पुलिस ने रास्ता रोक कर व्यक्ति की हत्या करने के मामले में फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन किया।

प्रकरण के अनुसार 15 मई को दीपाराम गमेती, लक्ष्मण गमेती, गणेशलाल, पन्ना, गिता तथा केसरबाई निवासी काड़ फला नाल गोगुन्दा बाइक पर बैठकर गोगुन्दा जा रहे थे, जहां बीच रास्ते में 13 लोगों ने दीपाराम गमेती, लक्ष्माराम उर्फ लक्ष्मण गमेती को रोककर मारपीट की थी। जिससे दीपाराम की मौत हो गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नाल फला डामरावास गोगुन्दा निवासी वरदा पुत्र होना, थावराराम पुत्र लिम्बा, गणेशलाल पुत्र मोतीलाल, शंकरलाल पुत्र खीमाराम को गिरफ्तार किया, जबकि विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन कर सम्प्रेषण गृह भिजवाया।

खेतों में ग्रामीणों पर पैंथर का हमला, तीन घायल

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के गामड़ी आहड़ा के फला गांव में पैंथर ने शनिवार शाम खेतों में चारा लेने गए तीन लोगों पर हमला कर दिया। हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार राजू देवी ननोमा अपने बेटे आशीष ननोमा के साथ खेत में थी, तभी घास में छुपे पैंथर ने अचानक आशीष पर हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन पैंथर ने वहां से गुजर रहे चेतन डामोर और धुला खराड़ी पर भी हमला कर दिया। धुला खराड़ी के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर 108 एंबुलेंसकर्मी हरिराम ननोमा और पायलट प्रवीण डामोर ने घायलों को गामड़ी आहड़ा सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों का उपचार जारी है।



पैंथर के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

अलवर-जयपुर रोड पर नजर आए बाघ-बाघिन

बाघ-बाघिन (एसटी-2304, एसटी-9) करीब आठ मिनट तक सड़क पर रहे

अलवर, (निसं)। अलवर-जयपुर रोड (वाया भर्तृहरि) पर रात करीब 11 बजे बाघ-बाघिन (एसटी-2304, एसटी-9) नजर आए। करीब आठ मिनट तक दोनों सड़क पर रहे। इस दौरान सड़क के बीच में भी बैठे नजर आए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। टाइगर-टाइग्रेस को देखकर किसी वाहन चालक की आगे जाने की हिम्मत नहीं हुई। सरिस्का में बाघिन एसटी-9 सदर गेट से आगे आस-पास दिखती रही है। अब यहां करीब एक महीने से टाइगर एसटी-2304 भी नजर आने लगा है। इससे पहले यहां युवराज टाइगर एसटी-21 दिखता था। एसटी-2304 के आने के बाद युवराज एसटी-21 नहीं दिखा है। मतलब इस टेरेटरी में नजर नहीं आता है। वनकर्मी मान रहे हैं कि युवराज 21 दूसरी टेरेटरी में चला गया। अब उसकी टैरेटरी में एसटी-2304 आ गया, जो कई बार टाइग्रेस के आसपास देखा गया है।

- वीडियो भी सामने आया है, किसी वाहन चालक की आगे जाने की हिम्मत नहीं हुई

वृद्धा और नाती की निर्मम हत्या, दामाद पर आशंका जताई

वृद्ध महिला के पैर के टुकड़े-टुकड़े कर हत्यारे जेवर भी निकाल ले गये

उदयपुर, (कासं)। बीती रात सलूंबर जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर सेमारी इलाके में एक बुजुर्ग महिला और पांच साल के नाती की निर्मम हत्या कर दी गई। महिला के पैर के टुकड़े-टुकड़े कर हत्यारे जेवर भी निकाल ले गये। मृतका के पति ने दामाद पर हत्या करने के आशंका जताई है।

सेमारी थानाधिकारी गोपाल कृष्ण मीणा के अनुसार शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे सेमारी इलाके के गुडासर गांव के पास जहात फलां में धारदार हथियार से वार किया गया था। देर रात घर में से अचानक चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। पड़ोसी पहुंचे तो पैरों तले जमीन खिसक गई। सामने गौरी (65) और उसके नाती सुरेन्द्र (5) के लहूलुहान शव पड़े थे। दोनों के पेट-छाती पर कई वार किए गए थे। सिर में भी गंभीर चोटें थीं। गौरी के पैर पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। उसके पैर के टुकड़े कर चांदी के कड़े ले गए। पुलिस आशंका जता रही है कि बदमाशों की संख्या दो-तीन रही होगी। बुजुर्ग महिला और बच्चा कमरों के आगे बने हॉल में सो रहे थे। परिवार मजदूरी करता है।

घटना के समय परिवार पड़ोस में चल रहे सत्संग कार्यक्रम में गया हुआ था। तभी बदमाश में घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। सुरेन्द्र कुछ दिन पहले ही अपने नानी के घर आया था। घटना की जानकारी मिलने पर शनिवार सुबह करीब सात बजे सलूंबर एसपी राजेश यादव, डिप्टी चांदमल सिंगारिया समेत एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। घर से किसी सामान की चोरी हुई है कि नहीं, इसको लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

एसपी राजेश यादव ने बताया कि मामले को लूट दिखाने की कोशिश की गई है। घर के अंदर से चोरी या लूट नहीं हुई है। कड़ों की लूट दिखाने के लिए बुजुर्ग के पांव काटे गए हैं। बुजुर्ग और मासूम के सिर में चोट हैं उसी से दोनों की मौत हुई है। मृतका गोरी के पति धन्ना मीणा के अनुसार उसके दामाद गंगाराम मीणा ने हत्या की। दामाद आए दिन नशा कर बेटी से झगड़ा करता है, कई बार टोकने से वो नाराज था। बार-बार धमकी देता था। दामाद गंगाराम ने उसके किसी साथी के मिलकर सास और उसके बेटे की हत्या की। परिजनों की मांग है कि पहले दामाद गंगाराम को पकड़ा जाए, उसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए सहमति देंगे। फिलहाल बॉडी सेमारी पीएचसी में रखी है। पुलिस परिजनों से समझाइश कर रही है। परिजन गंगाराम को पकड़ने की मांग कर रहे हैं,गंगाराम गांव से फरार है। वह पड़ोस के गांव में रहता है। परिजनों का गंगाराम पर ही हत्या का आरोप है।

- पुलिस आशंका जता रही है कि बदमाशों की संख्या दो-तीन रही होगी

बाबा साहेब को पुण्यतिथि पर नमन किया

करणपुर, (निसं)। भारतीय संविधान के निर्माता और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की 70वीं पुण्यतिथि 6 दिसंबर को श्रीकरणपुर में 'महापरिनिर्वाण दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में एडवोकेट भगवान दास मेघवाल, कामरेड मुकेश मोहनपुरिया, कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार मोहनपुरिया, लक्ष्मण नायक और रवि दायमा सहित रंजीत कुमार ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपस्थित समूह ने बाबा साहेब के जीवन और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने समाज में व्याप्त अंधविश्वासों, पाखंडवाद और कुरीतियों को समाप्त कर डॉ. अंबेडकर के सपनों को साकार करने का आव्हान किया। उन्होंने बाबा साहेब के सिद्धांतों का जीवन में पालन करने पर जोर दिया।

राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के प्रयास हो रहे हैं : मेघवाल

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे, यहां से वे बीकानेर के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी की मुलाकात, एस आई आर के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष के हंगामे और डॉलर के मुकाबले गिरते रुपए को लेकर पत्रकारों को जानकारी दी।

राजस्थानी भाषा की मान्यता को लेकर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि ये हमारी भाषा है। इसको संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता मिले, यह हमारा प्रयास है। लेकिन इसमें एक सहमति बनाने का प्रयास हमारा हो रहा है, जो हमारे हिन्दी बोलने वाले संगठन हैं, उनके साथ जैसे यह हमारी सहमति बनेगी इस दिशा में कदम आगे उठाए जाएंगे। डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति को लेकर पूछे सवाल पर उन्होंने कहा कि रुपए का व्यापार अब कई अन्य देशों के साथ होने लग गया है, इसलिए रुपए की ताकत बढ़ गई है। पहले आप दुबई जाते थे तो आपको कहते थे डॉलर को चेंज करके लो, लेकिन आजकल कहते हैं रुपए में भी काम हो रहा है। इसलिए रुपए की ताकत बढ़ रही है। रुपए की स्थिति मजबूत हो रही है।

एस आई आर के मुद्दे पर मेघवाल ने कहा कि पिछला हमारा मानसून का जो सत्र था। उसमें विपक्ष ने पूरे समय इस विषय को उठाया। हमने उस समय भी कहा कि सरकार इलेक्शन रिफॉर्म पर चर्चा कर सकती है। एस आई आर इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की एक एक्टिविटी है। इस बार हमने चर्चा की तो उन्होंने दो दिन तक तो हाउस को बाधित किया, बाद में मान गए। अब सोमवार को पहले चर्चा वंदे मातरम् पर होगी। उसके बाद मंगलवार को हम इलेक्शन रिफार्म पर चर्चा करेंगे। हमारी ओर से भी जवाब दिया जाएगा। इंडिगो की फ्लाइट रद्द होने को लेकर देशभर में हुए विवाद पर कहा कि आज इसमें काफी सुधार है। पुतिन और मोदी की मुलाकात पर कहा कि विश्व के प्रमुख देशों के भारत के संबंध अच्छे होने चाहिए। भारत एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। अब तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ऐसी स्थिति में हमारे हर देश के साथ अच्छे संबंध होने चाहिए। उनमें से रूस भी उसमें से एक है। रूस हमारा पुराना मित्र रहा है।

- केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जोधपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों को जानकारी दी

जूनियर अकाउंटेंट बलवीर सिंह ने दहेज मुक्त शादी की

चार दिसम्बर को विवाह मात्र एक रुपये के शगुन पर सम्पन्न हुआ

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना क्षेत्र के ग्राम नालोट निवासी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार गुर्जर ने समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत करते हुए अपने पुत्र बलवीर सिंह (जूनियर अकाउंटेंट) का विवाह पूर्णत: सादगीपूर्ण एवं दहेज मुक्त पद्धित से सम्पन्न करवाया। चार दिसम्बर को बलवीर सिंह का विवाह ग्राम नराडा निवासी एएसआई ताराचंद लोमोड की पुत्री विनीता के साथ मात्र एक रुपये के शगुन पर किया गया।

उल्लेखनीय है कि बलवीर सिंह के राजकीय सेवा में जूनियर अकाउंटेंट के पद पर चयनित होने के बाद ही अधिवक्ता रामकुमार गुर्जर ने सार्वजनिक घोषणा कर दी थी कि वे अपने पुत्र का विवाह बिना दहेज और केवल एक रुपये के नेग पर करेंगे। उन्होंने अपनी घोषणा को न सिर्फ पूरा किया, बल्कि समाज में बढ़ती दहेज प्रथा पर करारा प्रहार भी किया। सादगी, संस्कार और सामाजिक सुधार का संदेश देने वाले इस दहेज मुक्त विवाह की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

इस अवसर पर नीमकाथाना अभिभाषक संघ की ओर से अधिवक्ता रामकुमार गुर्जर को सम्मानित करते हुए बधाई भी प्रेषित की गई। यह विवाह उन सभी परिवारों के लिए प्रेरणा है जो सामाजिक कुरीतियों को छोड़कर नई सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प रखते हैं। इस दौरान एडवोकेट रामनिवास यादव,नीर सिंह मीणा, दर्शन सिंह सैनी, सचिन सैनी, नरेंद्र कुमार सैनी, विजय सोमावत ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए एडवोकेट रामकुमार गुर्जर को दहेज मुक्त शादी की बधाई दी।

- सादगी, संस्कार और सामाजिक सुधार का संदेश देने वाले इस दहेज मुक्त विवाह की सर्वत्र सराहना हो रही है

ऊर्जा मंत्री ने विकास पर चर्चा की

जयपुर। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को ओडिशा के पुरी में आयोजित ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025 में राजस्थान के ऊर्जा क्षेत्र के परिदृश्य एवं विकास के रोडमैप को सभी के समक्ष रखा।

नागर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विगत समय में राजस्थान की प्रगति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने नवीकरणीय एवं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बीते समय में जो उपलब्धि हासिल की है वह देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता बनाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी पीएम कुसुम योजना का राजस्थान में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी में लगभग 2470 मेगावाट के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं। इन संयंत्रों की क्षमता के आधार पर राजस्थान विकेंद्रित सौर ऊर्जा के मामले में भी देश में अग्रणी पायदान पर आ गया है। समिट में उन्होंने प्रदेश की पीक डिमांड को पूरा करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित करने के लिए सरकार के प्रयासों को भी रखा। उन्होंने कहा कि राज्य में 6000 मेगावाट आवर्स की ऊर्जा भंडारण क्षमता विकसित की जा रही है।

पीबीएम हॉस्पिटल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

बीकानेर, (निसं)। पीबीएम हॉस्पिटल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल अधीक्षक डॉ. बीसी घीया से मिला तथा व्यवस्था सुधारने के लिए सुझाव दिए। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. भगवान सिंह मेड़तिया, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वेद व्यास, देहात अध्यक्ष जसराज सिंवर, विक्रम सिंह राजपुरोहित ने अस्पताल में हो रही बदहाली और अव्यवस्थाओं में सुधार के लिए विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल में लंबे समय से जारी अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कई प्रमुख मुद्दे उठाए। इस मौके पर नगर निगम उपयुक्त यशपाल आहूजा, ट्राफिक इंस्पेक्टर नरेश निर्वाण से फोन पर वार्ता कर परिसर के अंदर खड़ी अवैध एंबुलेंस और बाहर हुए अतिक्रमण को हटाने की वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल में एड.रमेश पारीक, के.लाल जोशी, शंकर सोनी, राजेंद्र सिंह कक्कू, ओंकारनाथ सिद्ध, रघुपति सिंह भाटी, विक्रम सिंह राजपुरोहित, भव्य दत्त भाटी, नवल गिरी, लोकेश कच्छावा, नरेंद्र चंचल, हेमंत सुथार, हिमांशु अग्रवाल, ऋषि पारीक, विक्रम कुमावत, विक्रम हर्ष, सुनील रामावत, प्रेम धांधल, वासु रामावत, विनोद व्यास, आदि साथ रहे।

प्रतियोगिता आयोजित : सूरतगढ़ में राजकीय कॉलेज में शनिवार को महिला प्रकोष्ठ और मतदाता जागरूकता समिति ने संयुक्त रूप से एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। 'हमारा मत हमारा अधिकार' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में 17 छात्राओं ने छह समूहों में हिस्सा लिया। इन रंगोलियों में मतदान का अधिकार, राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और लोकतंत्र की मजबूती जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। छात्राओं ने रंगों के माध्यम से यह दर्शाया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि देश के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।

- भाजपा पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल अधीक्षक डॉ. बीसी घीया से मिला

हनीट्रैप में फंसाकर वसूली करने वाली महिला गिरफ्तार

गैंग के छह अन्य सदस्य इससे पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं

पाटन, (निसं)। पाटन पुलिस ने हनी ट्रैप के जरिए लोगों को ब्लैकमेल कर भारी रकम वसूलने वाले बावरिया गैंग के षड्यंत्र का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह महिला लंबे समय से दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज करवाने और धमकी देकर उगाही करने के मामले में वांछित चल रही थी।

पाटन थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ममता उर्फ नाथी (28) पत्नी मदनलाल, निवासी नेहरा की ढाणी, वार्ड नंबर 2, थाना खंडेला, जिला सीकर है। पुलिस टीम ने आरोपी को जयपुर से हिरासत में लिया और प्रारंभिक पूछताछ के बाद विधिवत गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी महिला सुनियोजित तरीके से लोगों को अपने प्रेमजाल में फंसाती थी। वह पहले फोन पर लगातार संपर्क कर भरोसा जीतती, फिर अचानक दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपये की मांग करती थी। इसी गैंग के छह अन्य सदस्य इससे पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। यह पूरा मामला उस समय उजागर हुआ, जब 21 नवंबर को ग्राम धाधेंला निवासी ई-मित्र संचालक अनुज कुमार सैनी ने पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। परिवादी ने बताया कि आरोपियों ने उसे बार-बार फोन कर प्रेमजाल में फंसाया और बाद में दुष्कर्म केस की धमकी देकर दो लाख रुपये की डिमांड की। शिकायत के आधार पर पाटन थाने में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। पुलिस अब गैंग के बाकी सदस्यों और नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है।

आरोपी गिरफ्तार : कोटा, (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से चोरी की गई मोटरसाईकिल को बरामद किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि फरियादी प्रकाश बारिया ने जवाहर नगर थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा था कि वह अपनी बाईक को पड़ोस के मकान के बाहर खड़ी करके अंदर गया और जब वापस आया तो मोटरसाईकिल नही मिली। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने नाकाबंदी के दौरान शातिर बाइक चोर शिवपुरा निवासी दिनेश सिंह को गिरफ्तार किया और चुराई गई बाईक को भी बरामद किया गया।

- महिला लंबे समय से दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज करवाने और धमकी देकर उगाही करने के मामले में वांछित चल रही थी